न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लोहावट जिला फलौदी

पीठासीन अधिकारी :— प्रदीप कुमीर (आर.ए.एस)

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :— 138/2022

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थी
1. उदयनाथ जी पुत्र श्री दौलाराम जाति जांगु निवासी धर्मसागर तहसील लोहावट जिला जोधपुर।		1. तहसीलदार लोहावट

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम

उपस्थित :— प्रार्थी अधिवक्ता श्री अशोक कुमार कडवासरा।

—:: निर्णय :: दिनांक 09/03/24.

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि तहसील लोहावट के पटवार मण्डल पल्ली के राजस्व ग्राम धर्मसागर के खसरा 567/1 रकबा 4. 9776 हैक्टेयर भूमि आयी हुई है जिसमें प्रार्थी का 1/4 वें हिस्से की भूमि बन्ट आती है। जिसकी जमाबन्दी व नजरी नक्शा सलग्न प्रार्थना पत्र पेश है। उक्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम दुदाराम पुत्र दौलाराम दर्ज है तथा मेरा जन्म से ही नाम दुदाराम मेरे पिता द्वारा रखा गया था लेकिन बाद में प्रार्थी द्वारा साधु पंथ अपनाने से अपना नाम बदलकर दुदाराम से उदयनाथ जी रख लिया है तथा अपने नाम परिवर्तन बाबत प्रार्थी ने राजस्थान राज पत्र में शपथ पत्र में प्रकाशन करवा लिया है जो शपथ पत्र राजस्थान राज पत्र के जिल्द 73 माघ 07 गुरुवार, शाके 1943 जनवरी 27, 2022 अंक 44 के भाग संख्या 07 पृष्ट संख्या 4657 पर प्रकाशन किया गया है। गजट पत्र की प्रति सलग्न है। मुझ प्रार्थी के पहचान सम्बधि सभी दस्तावेजो में मेरा नाम दुदाराम के स्थान पर उदयनाथ जी करवा लिया है तथा राजस्व रेकर्ड में मुझ प्रार्थी का नाम दुदाराम से उदयनाथ जी करवाने के लिए तहसीलदार लोहावट से निवेदन किया गया लेकिन तहसीलदार लोहावट ने नाम शुद्ध किये जाने से मना कर दिया ओर माननीय न्यायालय में चाराजोहि करने को कहा गया। इसलि प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र पेश है।

अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि तहसील लोहावट के राजस्व धर्मसागर के खसरा नम्बर 567/1 रकबा 4.9776 हैक्टेयर भूमि में दर्ज प्रार्थी का नाम दुदाराम पुत्र दौलाराम के स्थान पर उदयनाथजी पुत्र दौलाराम किये जाने आदेश तहसीलदार लोहावट को प्रदान करावें।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात के अवलोकन व मनन से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है।

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसील लोहावट के पटवार मण्डल पल्ली के राजस्व ग्राम धर्मसागर के खसरा 567/1 रकबा 4. 9776 हैक्टेयर भूमि में दर्ज प्रार्थी का नाम दुदाराम पुत्र दौलाराम के स्थान पर उदयनाथ जी पुत्र दौलाराम दर्ज किया जाता है। तहसीलदार लोहावट को आदेश दिया जाता है कि उक्त शुद्ध नाम राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करें।

निर्णय आज राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09/03/24. को सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
लोहावट जिला फलौदी
लोहावट